केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9336715406
8400925463
भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :47 अंक 43 सोमवार 1 सितम्बर 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### टीम 11 के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष ने की बैठक



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी बस्ती के जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने हाल ही में किसानों एवं जनसमस्याओं, विशेषकर धर्मान्तरण, लव जिहाद एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों से उत्पन्न ज्वलंत समस्याओं के निराकरण तथा पीड़ितों को हर स्तर पर विधिक एवं संगठनात्मक सहयोग प्रदान करने हेतु टीम–11 का गठन किया है।

इसी क्रम में आज भाजपा जिला कार्यालय पर टीम–11 की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने सभी सदस्यों को संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करते हुए सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि "भाजपा सदैव पीड़ितों और शोषितों के साथ खड़ी है। किसी भी प्रकार का धर्मान्तरण, लव जिहाद अथवा अवैध घुसपैठ प्रदेश की सामाजिक संरचना और राष्ट्र की अखंडता के लिए गंभीर चुनौती है। हमारी पार्टी इन मुद्दों पर शून्य सहनशीलता की नीति पर काम कर रही है। टीम–11 को निर्देशित किया गया है कि ऐसे मामलों में तुरंत संज्ञान लें, पीड़ितों को सहयोग दें और प्रशासन से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।"

बैठक समाप्त होने के बाद टीम–11 के सदस्य पुरानी बस्ती पहुँचे, जहाँ हाल ही में धर्मान्तरण का एक प्रकरण प्रकाश में आया था। टीम ने संबंधित स्थल का निरीक्षण किया तत्पश्चात अधिकारियों से मुलाकात कर प्रभावी कार्यवाही की मांग की गई।

इस अवसर पर टीम–11 के सदस्य सत्येन्द्र सिंह भोलू, अभिषेक कुमार, राजकुमार शुक्ल, सुनील सिंह, तारक जायसवाल, विद्या मणि सिंह, वरुण सिंह, पिन्टू सोनकर, प्रदीप निषाद एवं विनोद चौधरी उपस्थित रहे।

### बैटरी चोर गिरोह का भंडाफोड़,छह गिरफ्तार

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। पुलिस ने बैटरी चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कोतवाली, वाल्टरगंज पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में छह शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने आरोपियों से 40 ई–रिक्शा व अन्य वाहनों की बैटरियां बरामद की हैं। इसके अलावा एक आल्टो कार, पांच मोबाइल, 4500 रुपये नकद और चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार भी जब्त किए गए हैं।

रात करीब 12.45 बजे मूड़घाट पुल के पास से चार आरोपियों को पकड़ा गया। इनमें अभय शर्मा, अजीत शर्मा, राजन और लतीफ शामिल हैं। इनकी कार से छह चोरी की बैटरियां मिलीं। इनकी निशानदेही पर चांदमारी से कान्हा शुक्ला और सुबाष चन्द्र को गिरफ्तार कर 34 बैटरियां बरामद की गईं।

पूछताछ में पता चला कि गिरोह का मास्टरमाइंड सिद्धार्थनगर का विनायक गुप्ता उर्फ प्रिंस है। वह ई–रिक्शा का तार काटकर उसे डायरेक्ट स्टार्ट करता और बैटरी निकाल लेता था। आरोपी चोरी की बैटरियां राहगीरों, रिक्शा चालकों और कबाड़ियों को बेचते थे। ज्यादा बैटरियां इकट्ठा होने पर उन्हें नेपाल भेज देते थे।इस गिरफ्तारी से कोतवाली क्षेत्र के चार, वाल्टरगंज के दो, दुबौलिया, कप्तानगंज और छावनी थाने की घटनाओं समेत कुल 12 चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## मोदी ने जिनपिंग को दिया भारत आने का न्यौता



**बीजिंग (आभा)।** सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों के बीच 50 मिनट बातचीत हुई। बातचीत के बाद मोदी ने जिनपिंग को भारत में आयोजित ब्रिक्स 2026 में आने के लिए न्योता दिया। इससे पहले उन्होंने जिनपिंग के सामने आतंकवाद का मुद्दा उठाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी ने इसे वैश्विक मुद्दा बताया और साथ देने की मांग की। वहीं, मीटिंग में जिनपिंग ने कहा कि पीएम मोदी से मिलकर खुशी हुई। ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए।

समिट के बाद मोदी आधिकारिक स्वागत समारोह में पहुंचे। यहां एससीओ समिट में आए सभी नेताओं ने ग्रुप फोटो खिंचाई, जिसमें पीएम मोदी के साथ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे।

मोदी के चीन दौरे के बाद भारत और चीन के रिश्तों में नरमी के संकेत दिखे हैं। 2020 की गलवान झड़प के बाद पहली बार दोनों देशों ने सीमा और व्यापार से जुड़े कई अहम मसलों पर सहमति बनाई है। लेकिन सीमा विवाद और पानी के मसले जैसे बड़े विवाद बने हुए हैं। आर्थिक दबाव और वैश्विक हालात ने दोनों को साथ बैठने पर मजबूर किया है, पर पूरी तरह भरोसा बनने में वक्त लग सकता है।

एससीओ समिट के दौरान मोदी ने मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली से मुलाकात की। उन्होंने कुछ साल पहले की अपनी मिस्र यात्रा को याद करते हुए कहा– भारत–मिस्र की दोस्ती नई ऊंचाइयों को छू रही है। वहीं मोदी ने बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा– मुझे अलेक्जेंडर से मिलकर खुशी हुई। जहां तक हमारे देशों का संबंध है, हम दोनों ही भविष्य में मिलने वाले लाभकारी अवसरों को लेकर बहुत आशावादी हैं।नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. ओली से पीएम मोदी ने मुलाकात की। उन्होंने कहा– के.पी. ओली से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई।

## सर्राफा व्यवसायी के घर डकैती की योजना नाकाम: 6 बदमाश पकड़े गये

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। कप्तानगंज थाना पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त अभियान में 6 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से टोयोटा इनोवा कार, तीन अवैध हथियार, आठ कारतूस, टैब, पांच एंड्रायड मोबाइल और डकैती के उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देश पर 31 अगस्त की रात करीब 2.10 बजे ग्राम पिकौरा सानी में कार्रवाई की गई। पुलिस ने सनी देवल के ट्यूबवेल के पास से विनोद कुमार वर्मा, अभय पाण्डेय, नवीन पाण्डेय, राधेश्याम, विशाल दूबे और अवनीश यादव उर्फ अम्बानी को गिरफ्तार किया। ये सभी एक सर्राफा व्यवसायी के घर डकैती की योजना बना रहे थे।

इससे पहले 28 अगस्त को भी इसी सर्राफा व्यवसायी के यहां डकैती का प्रयास हुआ था। उस दौरान जनता ने प्रिंस तिवारी नाम के एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा था।



पूछताछ में पता चला कि गैंग का सरगना विनोद कुमार युवाओं को पैसे और ऐश का लालच देकर अपराध की दुनिया में लाता था। गिरोह नशीला रुमाल सुंघाकर लोगों को बेहोश कर लूटपाट करता था। राधेश्याम, जो सर्राफा व्यवसायी का कर्मचारी था, ने ही डकैती की जानकारी और योजना दी थी।

गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक रिकॉर्ड गंभीर है। विनोद कुमार पर 11, अभय पाण्डेय पर 2 मुकदमे दर्ज हैं। अन्य आरोपियों पर भी कई मामले दर्ज हैं। इस सफल कार्रवाई में थानाध्यक्ष कप्तानगंज आलोक कुमार श्रीवास्तव, स्वाट प्रभारी संतोष गौड़ और उनकी टीम शामिल थी।

## बसपा भाईचारा कमेटी की बैठक में सपा छोड़ बसपा में शामिल हुये लोग



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। रविवार को बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के खन्ता ससना गांव में बहुजन समाज पार्टी भाईचारा कमेटी विधानसभा संयोजक गोंड महेश चन्द्रवंशी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में रमाकांत यादव की अगुवाई में चन्द्रेश यादव, शत्रुघ्न यादव, राम बुझारत यादव, राकेश यादव, चंदगी यादव, मनीष यादव, अभिषेक यादव, राम उजागिर यादव, राम दरस पाल, उदयभान पाल, रामदास निषाद, बीरबल निषाद, राम सहाय निषाद,सहित अनेक लोगों ने सपा छोड़ बसपा की सदस्यता लिया।

बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये बसपा भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक के.सी.मौर्य ने कहा कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती की नीति और कार्यक्रमों से प्रभावित होकर तेजी के साथ लोग अन्य दलों को छोड़ बसपा से जुड़ रहे हैं। इससे जहां पार्टी को मजबूती

### –मजबूत संगठन से ही पूरे होंगे लक्ष्य– के.सी. मौर्य

मिल रही है वहीं आगामी विधानसभाा के चुनाव में मजबूत संगठन के आधार पर बसपा विजेता बनकर उभरेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी लवकुश पटेल ने कहा कि बसपा का जनाधार तेजी से बढ रहा है। जनता बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होने पदाधिकारियों का आवाहन किया कि वे जनता के बीच अपनी मौजूदगी बनाये रखे। बैठक में विधानसभा महासचिव बस्ती सदर उमाशंकर राव, सुरेन्द्र कुमार चौधरी , रिंकू बंसल, संजय चौधरी, जनार्दन चौधरी, कृष्ण चंद्र चौधरी, सर्वजीत चौधरी के साथ ही बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्रापए जिला कार्यकारिणी की बैठक में बनी रणनीति: सम्मेलन दिसम्बर में



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

हर्रैया(बस्ती)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को टाटा मोटर्स गोटवा के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने संबंधी चर्चा किए जाने के साथ ही आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव डॉ संजय द्विवेदी ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार तहसील इकाइयों की मासिक बैठक अनिवार्य रूप से की जाय। बैठक में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी सहभाग करें। प्रत्येक तीन माह में जिला कार्यकारिणी की बैठक भी आयोजित हो। सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारी दी जाए। संगठन के बैठक तथा कार्यक्रमों का बेहतर प्रचार प्रसार किया जाए। जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि दिसंबर माह में संगठन द्वारा जिला सम्मेलन का वृहद आयोजन किया जाएगा। इसकी तिथि प्रदेश नेतृत्व से अनुमति लेकर निश्चित कर ली जाएगी। सभी सदस्यों को संगठन की पत्रिका, स्टिकर तथा डायरी भी उपलब्ध कराई जाएगी। संरक्षक अखिलेश दूबे ने कहा कि पत्रकार हितों की खातिर संगठन सदैव प्रयत्नशील है। संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में संसाधनों की कमी आड़े नहीं आने पाएगी।संरक्षक कैलाश नाथ दूबे ने कहा कि दिसंबर माह में आयोजित होने जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार करके संबंधित लोगों की जिम्मेदारी तय कर दी जाय। प्रयास रहे कि संगठन का परिचय पत्र, डायरी आदि सभी सदस्यों को समय से उपलब्ध करा दिया जाय। धर्मेंद्र मिश्र, चंद्रेश दूबे, विंदेश्वरी लाल श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, हरिशंकर पांडेय, धनीश त्रिपाठी, अनिल पांडेय, परशुराम वर्मा, दिनेश चंद्र शुक्ला, कृष्णदत्त द्विवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन भृगुनाथ त्रिपाठी 'पंकज' ने किया। विष्णु कुमार शुक्ल, मो.इदरीस सिद्दीकी, सत्यराम गौतम, शमशेर बहादुर सिंह , अनिल त्रिपाठी सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## विधायक अजय सिंह ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास: गिनाई उपलब्धियां

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। दुबौलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरसांव देवनाथपुर में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य हेतु शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। हरैया विधायक अजय सिंह ने बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में विधि–विधान से पूजन आदि करके सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले हरैया विधानसभा की हालत बड़ी खराब थी उसमें भी दुबौलिया क्षेत्र की अत्यंत खराब थी। थाना अपनी जमीन में नहीं था, बंधे की हालत खराब थी, सड़के जर्जर थी और सारे धार्मिक स्थल अपने आस्तित्व के लिए जूझ रहे थे। 2017 के बाद हमने दुबौलिया में थाना बनवाया, बंधे को सही कराया, बड़े पैमाने पर दुबौलिया सहित पूरे विधानसभा में सड़को का निर्माण करवाया, विधानसभा के सभी बड़े



धार्मिक स्थलों श्रृंगीनारी मंदिर, रामरेखा मंदिर, अमौलीपुर मंदिर, हनुमान बाग, मखौड़ा धाम आदि का विधिवत जीर्णोद्धार और नव निर्माण कराया। उन्होंने बताया कि हरैया विधानसभा में एक अग्निशमन केंद्र है और दूसरा इसी दुबौलिया के बरसांव में जल्द बनेगा। कहा कि परशुरामपुर में नई राजकीय पॉलिटेक्निक बन रही है जिसमें 2026 से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। हर्रैया में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय 33 करोड़ की लागत से बनने जा रहा है जो कि क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। कहा कि हरैया विधानसभा का अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश का नंबर एक विद्यालय है। विधायक ने कहा कि बड़े पैमाने पर काम हुए हैं उसके बावजूद भी बहुत काम अभी करने हैं। क्षेत्र में विकास के कार्य लगातार चलते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि श्री राम सिंह ने किया।

शिलान्यास कार्यक्रम में कृष्णकांत यादव, राधेश्याम यादव, वीरेंद्र यादव, अंगद वर्मा, प्रवीण कुमार, पप्पू पाण्डेय, अमित द्विवेदी, रामदेव यादव, भोला यादव, सुखदेव, गुरु प्रसाद, रामतौल, विदेशी दादा, जीतू वर्मा, राजित राम, नंदलाल यादव, सुन्नर, विजय बहादुर, परशुराम, सुभाष यादव, शिव शंकर चौधरी, महेंद्र यादव, केशव राज सिंह, संजय यादव, अनिल यादव, राम निहोर, राम सूरत, रमेश, गौरव त्रिपाठी, लोकई, कन्हैया लाल, खिलाड़ी, राघव राम, अमित सिंह, अजय सिंह, उमेश सिंह, बृजेश सिंह, शिव प्रसाद, जगदंबा पाण्डेय, मुकेश सिंह, अंबुज सिंह, रणजीत सिंह, मनोज यादव, काली प्रसाद दूबे, राजेंद्र सिंह, पंकज सिंह, दीपक यादव, मनोज तिवारी, महेश यादव, वीरेंद्र वर्मा, शक्तिधर दूबे, हरिओम पाण्डेय, राजेश मास्टर, अवधेश सिंह, रंगलाल, प्रदीप प्रधान, मोहित यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 2 की मौत

**लखनऊ (आभा)।** लखनऊ की अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गुडंबा के बेहटा इलाके में रविवार की सुबह आलम (50) के घर में अवैध रूप से बन रहे पटाखे में जोरदार विस्फोट हुआ। तेज धमाके साथ उनका मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। आलम और उनकी पत्नी मुन्नी (48) की



मौके पर ही मौत हो गई। छह लोग घायल हो गए। दो लोगों को गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। धमाके से पड़ोस के पांच मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ में दरारें आ गईं। पुलिस का दावा है कि आलम की भाभी खातून के नाम पटाखा बनाने का लाइसेंस है। आलम चूड़ी बेचने के साथ ही पटाखे का कारोबार करते हैं। रोज की तरह रविवार सुबह उनके घर में पटाखा बनाया जा रहा था। सुबह 11.30 बजे अचानक पटाखों में आग लगी और फिर जोरदार धमाके हुए।

## विश्व हिन्दू महासंघ ने किया धर्मान्तरण के बड़े मामले का खुलासा: मुकदमा दर्ज

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रानी पोखरा मोहल्ले में ईसाई समुदाय द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। सूचना मिलने पर विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह पदाधिकारियो के साथ करूआ बाबा चौराहे पर पहुंचे और वहां से पुरानी बस्ती पुलिस को सूचना दिया। वे पुलिस कर्मियों के साथ रानी पोखरा मोहल्ले में शिवशंकर पुत्र राम प्रसाद के घर पहुंचे तो पता चला कि वहा लोगों को इसाई बनाने का खेल चल रहा था। इसका मुख्य कर्ता धर्ता हरिहर यादव है। पुरानी बस्ती पुलिस लगभग 10 पुरूष और 15 महिलाओं को थाने पर लाकर पूंछताछ शुरू किया।

विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि भोले–भाले लोगों को इसाई बनाने का सुनियोजित खेल चल रहा है। महासंघ इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। कहा कि यदि निष्पक्षता से जांच हो



### -रानी पोखरा मोहल्ले में किया गया था ईसाई समुदाय द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन

तो बड़े पैमाने पर धर्मानान्तरण मामलों का सच सामने आयेगा। पुरानी बस्ती पुलिस महासंघ के जिला महामंत्री अर्पण श्रीवास्तव के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

धर्मानान्तरण मामले का खुलासा करने वालों में विश्व हिंदू महासंघके अभय प्रताप सिंह, विवेक श्रीवास्तव बिपिन सिंह, राकेश सिंह, सौरभ तिवारी, सौरभ चतुर्वेदी, आशीष उर्फ कल्लू बाबा, अमरदीप पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, शिवम मिश्रा, अभिषेक आर्य, सुंदरम शुक्ला, रवि शुक्ला, अजय दुबे, अंकित सिंह, कुलदीप मिश्रा , प्रतीक मिश्रा, दीपू सिंह, सौरभ विश्वकर्मा, हरि ओम, अंकित सिंह, महादेव, रवि सिंह, सनी सोनकर, धनंजय सिंह, गगन प्रजापति, चंचल कश्यप के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक लोग शामिल रहे।

## दुराचार के प्रयास मामले में हिन्दू संगठनों ने किया दलित परिवार को न्याय दिलाने की मांग

–भारतीय बस्ती संवाददाता

बस्ती। सोनहा थाना क्षेत्र के एक गांव में दलित बालिका के साथ विशेष समुदाय के युवक द्वारा दुराचार करने के प्रयास मामले में रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी और स्नेह पाण्डेय ने पीड़ित परिजनों से घर जाकर मुलाकात किया और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि क्षेत्रीय विधायक गरीब परिवार को न्याय दिलाने की जगह विशेष समुदाय के युवक को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होने जिला प्रशासन से मांग किया कि पीड़ित दलित परिवार को न्याय दिलाया जाय। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष स्नेह पाण्डेय



ने चेतावनी दिया कि यदि प्रशासन ने राजनीतिक दबाव में काम किया तो संगठन चुप नहीं बैठेगा। कहा कि पीड़ित दलित परिवार को तत्काल प्रभाव से सुरक्षा उपलब्ध करायी जाय क्योंकि विशेष समुदाय के लोगों द्वारा उन्हें डराने धमकाने और मुकदमा उठा लेने की धमकियां दी जा रही है।

पीड़ित परिजनों से मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से रजनीश शुक्ल, रमेश शर्मा, विनोद निषाद, अंशूमान, सचिन, राजवीर सिंह, मुन्ना माइकल, रमेश वर्मा, सोनू शर्मा, रामरतन,अशोक यादव, सूरज सोनी आदि लोग शामिल रहे।

## पुरस्कृत किये गये मेधावी, जननायक कर्पूरी ठाकुर का चित्र भेंटकर शिक्षा की भूमिका पर चर्चा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । ऑल इण्डिया महापदमानन्द कम्युनिटी एजूकेटेड एसोसिएशन ' एआईएमसीईए' संरक्षक ठाकुर प्रेमनन्दवंशी और जिलाअध्यक्ष आलोक ठाकुर के संयोजन में प्रेस क्लब सभागार में नन्दबंशीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान से उत्तीर्ण 24 छात्र और छात्राओं को प्रशस्ति पत्र , मेंडल और भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का चित्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक डा. एस. एन. सिंह नन्दवशी ने कहा कठिन परिश्रम कर सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्रों का मनोबल बढाना हम सबकी जिम्मेदारी है जिससे उनका उत्साह बढे और वे देश के सुयोग्य नागरिक बन सके। शिक्षा ही हमारी पहली प्राथमिकता है जो हमारी सभी समस्याओं से निजात दिलाने की भूमिका निभाती है।

विशिष्ट अतिथि एसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य माता प्रसाद वर्मा ने कहा कि छात्रों के उत्साहवर्धन से ही हम देश को सुयोग्य और समर्थ नागरिक दे पाने में सक्षम होंगे। इसी बडे



उद्देश्य को लेकर समूचे प्रदेश में छात्रों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढाया जाता है। मुख्य वक्ता सुदामा प्रसाद नन्द ने कहा कि आज की युवा पीढी पर सवाल तो खूब उठाये जाते हैं किन्तु उनके मार्ग दर्शन के लिये बहुत कम संस्थायें आ पाती है। इस सोच को बदलना होगा। संचालन करते हुये एआईएमसीईए के प्रदेश संगठन सचिव डा. हरिकेश नन्दवंशी ने एसोसिएशन के उद्देश्य और लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यकम को संजय विद्यार्थी, जे.पी. शास्त्री, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी ठाकुर प्रेम नन्दबंशी, घनश्याम कुमार शर्मा, डा. हरिकेश नन्दवंशी ने सम्बोधित कर छात्रों का हौसला बढाया। कुल 24 छात्रों मुस्कान, शीतल, सचिन, रिमझिम, अमन ठाकुर, सलोनी शर्मा, अंशिका कुमारी, अनुष्का शर्मा, गरिमा, मिथलेश, राहुल शर्मा, अमृता, रूबी शर्मा आदि को मेडल, प्रशस्ति पत्र, जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का चित्र देकर देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यकम में मुख्य रूप से शोभाराम ठाकुर, कृपाशंकर उर्फ अवधेश ठाकुर, बब्लू शर्मा, डा. दीपक शर्मा, इं. संजय शर्मा, बाबा ठाकुर, नन्दकिशोर उर्फ भोला शर्मा, विधानन्द, धीरज शर्मा, नन्दवंशी राजू शर्मा, राम प्रवेश शर्मा, राजू, डा. कैलाश शर्मा, सत्येन्द्र शर्मा, जामवन्त ठाकुर, लालमणि ठाकुर, शामली शर्मा, हरिश्चन्द्र शर्मा, पंकज शर्मा , महेश कुमार, संजय प्रसाद के साथ ही अनेक सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

# नो मेंस लैंड पर बने पांच अवैध अतिक्रमण ढहाए गए



**संवाददाता–श्रावस्ती।** भारत नेपाल सीमा पर स्थित नो मेंस लैंड पर मिले पांच अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन की ओर से कार्रवाई की गई। प्रशासन की टीम ने जेसीबी से अवैध अतिक्रमण का ध्वस्त करा दिया। इस दौरान सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में पुलिस व एसएसबी के जवान तैनात रहे। सिरसिया थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा से सटे भरथा रोशन गढ़ में 10 लोगों ने नो मेंस लैंड पर अवैध अतिक्रमण कर रखा था। राजस्व टीम की ओर से मौके की जांच की गई और नो मेंस लैंड पर अतिक्रमण पाया गया। पूर्व में पांच अतिक्रमण हटवा दिया गया था।

शेष अतिक्रमण हटावाने की कार्रवाई की जा रही थी। रविवार को डीएम अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर राजस्व टीम, पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर चिन्हित अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। जिसमें ग्रामीण अनस खान पुत्र हबीब का सेप्टिक टैंक, कैफुल बरा उर्फ टेढ़े पुत्र मो. शफी का छज्जा, अनिल कुमार पुत्र सहदेव का टीन शेड, अहमद हुसैन पुत्र गौहर का फूस का मढ़हा व तस्ददुफ हुसैन पुत्र वारिश का छज्जा नो मेंस लैंड में था। जिसे ढहा दिया गया। प्रशासन की ओर से संबंधित पक्षों को 15 मई 2025 को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। लेकिन अवैध कब्जेदारों ने खुद अतिक्रमण नहीं हटाया। इस पर प्रशासन की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस मौके पर भिनगा एसडीएम अशीष भरद्वाज, भिनगा सीओ सतीश कुमार शर्मा अदि अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर 2148 मरीजों की जांच, 34 नए आयुष्मान कार्ड बने

**संवाददाता–महराजगंज।** रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिले के 41 चिकित्सा केंद्रों पर एक साथ यह मेला लगा। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सरकारी अस्पताल शामिल रहे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मेले में 2148 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार हुआ। इनमें 934 पुरुष, 932 महिलाएं और 282 बच्चे थे। मरीजों को बुखार, खांसी–जुकाम, दाद–खुजली, त्वचा रोग, टाइफाइड, मलेरिया, गैस और मधुमेह जैसी बीमारियों का परामर्श और दवाएं दी गईं। मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं देना था। यहां दवाइयों के साथ आवश्यक जांच की भी व्यवस्था थी। मेले में 34 नए आयुष्मान भारत गोल्डेन कार्ड भी बनाए गए। इस कार्ड से मरीजों को 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलेगी। आरोग्य मेला के नोडल अधिकारी और डिप्टी सीएमओ डॉ केपी सिंह ने बताया कि चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। साथ ही लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच, साफ–सफाई और संतुलित आहार के लिए जागरूक किया।

# प्रदेश अध्यक्ष ने ऑनलाइन कारोबार को छोटे व्यापारियों के लिए बताया चुनौती



**संवाददाता–देवरिया।** पकड़ी बाजार में व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जनसेवक मंटू बाबू जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्रृषिकेश जायसवाल, आनन्द जायसवाल, विष्णु अग्रवाल, सुबोध जायसवाल और नरेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने संरक्षक रामनिवास पासवान और अध्यक्ष डॉ. एस.एस. कन्नौजिया को पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों ने भी सामूहिक रूप से शपथ ली। डॉ. कन्नौजिया ने संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारी हितों की रक्षा का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष मंटू बाबू जायसवाल ने व्यापार मंडल को एक गैर–राजनैतिक संगठन बताया। उन्होंने ऑनलाइन कारोबार को खुदरा और छोटे व्यापारियों के लिए चुनौती बताते हुए सरकार से इस पर रोक लगाने की मांग की। उनका कहना था कि ऑनलाइन कारोबार पर नियंत्रण न होने से छोटे व्यापारियों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

समारोह में मिर्जा खुर्शीद अहमद, अमित कुमार सिंह, अखिलेश जायसवाल सहित कई प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे। भटनी, बरहज, भलुवनी और तरकुलवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष भी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह का संचालन रामनिवास पासवान ने किया।

# पुष्टाहार वितरण में लापरवाही का आरोप

**संवाददाता–श्रावस्ती।** जनपद के विकास खंड सिरसिया के गांव हेमपुर में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन हुआ। जहां आई हुई समस्याओं को सुनकर संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिए गए।इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने पुष्टाहार समय पर न मिलने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने बताया कि चौपाल का मुख्य उद्देश्य जनपद मुख्यालय से दूर और सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन लोगों के द्वार तक पहुंचकर समस्याओं का निराकरण करेगा। चौपाल में विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, बिजली और विभिन्न पेंशन योजनाएं शामिल थीं। जिन लाभार्थियों को पेंशन नहीं मिल रही है, उनके दस्तावेजों की जांच कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग को चकमार्गों पर अवैध अतिक्रमण की शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस और राजस्व की टीम को मौके पर जाकर सीमांकन कर चकमार्ग खाली कराने और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। पुष्टाहार वितरण में लापरवाही की शिकायत पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया।वहीं उन्होंने सीडीपीओ सिरसिया और मुख्य सेविका के खिलाफ लापरवाही पर जांच के आदेश दिए। साथ ही साथ जिम्मेदार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को तत्काल सेवा से हटाने के निर्देश जारी किए।

# गायत्री मंत्रों की गूंज के बीच विधायक ने रखी धर्मशाला की आधारशिला



**संवाददाता–महराजगंज।** महराजगंज शहर के अमरुतिया बाजार स्थित गायत्री मंदिर परिसर में रविवार को सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने विधिवत पूजन मंत्रोच्चार के साथ धर्मशाला निर्माण की आधारशिला रखी। पूरे कार्यक्रम के दौरान गायत्री मंत्रों का उच्चारण होता रहा। विधायक ने कहा कि धर्मशाला समाज और श्रद्धालुओं के लिए सुविधा का बड़ा केंद्र बनेगा। यहां आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं को ठहरने की सहूलियत मिलेगी। विधायक कन्नौजिया ने कहा कि अमरुतिया बाजार धार्मिक और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है। दूर–दराज से लोग यहां आते हैं, लेकिन ठहरने की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। धर्मशाला बनने से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र की सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। डबल इंजन की सरकार ने हर क्षेत्र में जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। अमरुतिया बाजार की यह धर्मशाला भी उसी सोच का हिस्सा है। विधायक ने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। गायत्री परिवार के लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मशाला बनने से वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। इस अवसर पर रत्नेश पांडेय, आचार्य कमलाकांत पाठक, प्रमुख ट्रस्टी विद्या सागर पटेल, कोषाध्यक्ष एवं सदर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम प्रीत गुप्ता, परशुराम यादव, उदय वास पटेल, जगदीश कसौधन, राम अवध गुप्ता, जय करण प्रसाद आदि ट्रस्टी के अलावा तमाम स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# 31 केंद्रों पर 2504 मरीजों का मुफ्त इलाज

**संवाददाता–बलरामपुर।** सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 2504 मरीजों का उपचार हुआ। इनमें 1047 पुरुष, 824 महिलाएं और 633 बच्चे शामिल थे।

सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि मरीजों को बाहर की दवाएं या जांच न लिखें। सभी आवश्यक दवाएं और जांच सुविधाएं स्वास्थ्य केंद्र पर ही उपलब्ध कराई जाएं।

मेले में कई स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। इनमें रक्तचाप और मधुमेह की जांच शामिल थी। साथ ही टीकाकरण, आंखों की जांच और महिला स्वास्थ्य सेवाएं भी दी गईं। बच्चों के लिए विशेष परामर्श की व्यवस्था थी। परिवार नियोजन और पोषण संबंधी जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जावेद अख्तर मौजूद रहे। बलरामपुर और हरिहरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का पूरा स्टाफ भी उपस्थित था।

# मन की बात ज्ञान का खजाना, कार्यकर्ताओं संग विजय दुबे ने सुना कार्यक्रम, खेलो इंडिया को बढ़ावा



**संवाददाता–कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को लेकर जिले में उत्साह का माहौल देखने को मिला। रविवार को नगर पंचायत सुकरौली में सावित्री सेवा संस्थान के प्रबंधक रविस सिंह की ओर से बड़े स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने मिलकर प्रधानमंत्री की बातें सुनीं।

इस मौके पर कुशीनगर सांसद विजय दुबे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मन की बात वास्तव में जानकारी और प्रेरणा का खजाना है। हर नागरिक को समय निकालकर इसे अवश्य सुनना चाहिए, क्योंकि इसमें प्रधानमंत्री ऐसे मुद्दे उठाते हैं जो हमारे जीवन और समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं।

सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में हाल की प्राकृतिक आपदाओं में जन–धन की हुई हानि पर गहरा दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने जम्मू–कश्मीर में हुए दो ऐतिहासिक आयोजनों का उल्लेख कियाकृपुलवामा स्टेडियम में आयोजित डे–नाइट क्रिकेट मैच और डल झील में हुए 'खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल'। मोदी ने कहा कि यह बदलते हुए जम्मू–कश्मीर की नई तस्वीर है, जो देश को नई उम्मीद और ऊर्जा दे रही है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने त्योहारों के अवसर पर वोकल फॉर लोकल का संदेश भी दिया। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं और स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों तथा उद्यमियों का समर्थन करें।

सांसद विजय दुबे ने जोर देकर कहा कि हमें प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि मन की बात सिर्फ रेडियो प्रसारण नहीं, बल्कि यह देश की प्रगति और जनभागीदारी का माध्यम है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर रविस सिंह, राजेश जायसवाल, जटाशंकर यादव, रामप्रवेश कश्यप, त्रिभुवन, सत्यकाम पांडेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेंद्र पासवान, वरुण जायसवाल, संजीव जायसवाल, योगेश शुक्ला और मंडल अध्यक्ष सुकरौली ज्ञान विक्रम सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# दो सांड की लड़ाई में युवक घायल

**संवाददाता–गोण्डा।** जिले में दो छुट्टा सांड और दो कबूतरों के बीच लड़ाई का वीडियो वायरल हो रहा है। दो सांडों की लड़ाई मनकापुर कोतवाली क्षेत्र में रेलवे स्टेशन चौराहे पर कल शाम को हुई है। यहां हादसे में एक कुलदीप नाम का युवक घायल हो गया है। हादसे का लाइव वीडियो भी सामने आया है। छुट्टा जानवरों के लड़ाई से बचने के लिए युवक भाग रहा है और पीछे से जानवर उसे उठाकर के सड़क पर पटक दे रहा है। घायल युवक को मनकापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहां पर कुलदीप नाम के युवक का इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शी हर्षित यादव ने बताया कि उनका दोस्त सड़क से गुजर रहा था। इसी दौरान लड़ रहे सांडों ने उसे चोट पहुंचा दी। सांडों की लड़ाई के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। इसी बीच एक अन्य वीडियो भी सामने आया है। टॉमसन इंटर कॉलेज के पास आज सुबह 10 बजे दो कबूतरों की लड़ाई हुई है। स्थानीय लोगों ने इस एक मिनट की लड़ाई का वीडियो बना लिया। लड़ाई के बाद दोनों कबूतर अलग–अलग दिशाओं में उड़ गए।स्थानीय लोगों की मांग है कि छुट्टा जानवरों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए। इन जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।

# राम की पैड़ी पर विजयदशमी पर आयोजित होगा भव्य विजयोत्सव, 200 फीट का जलाया जाएगा रावण, संस्कार भारती द्वारा होगा रामलीला का मंचन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। भगवान श्री राम की जन्मस्थली में इस वर्ष से विजयदशमी पर मनाया जाएगा विजय उत्सव, भगवान श्री राम के जन्म के साथ विवाह पर निकलेगी भाव बारात और रावण वध के बाद होगा प्रभु श्री राम का भव्य राज्याभिषेक बर्षो से राजेंद्र निवास पर अयोध्यास्य श्री राम लीला महोत्सव न्यास द्वारा पिछले वर्ष तक राजेंद्र निवास पर रामलीला का मंचन किया गया लेकिन इस वर्ष समिति में परिवर्तन के बाद सार्वजनिक स्थल राम की पैड़ी भव्य रामलीला के मंचन का निर्णय लिया गया जिसका शुभारंभ 26 सितंबर को होगा और समापन 3 अक्टूबर राज्याभिषेक साथ होगा उक्त बातें तिवारी मंदिर में प्रेस से मुखातिब होते हुए समिति के पदाधिकारी ने बतायी। रामलीला के संयोजक महापौर गिरिशपति त्रिपाठी ने बताया कि यह भगवान श्री राम की जन्मभूमि है यहां सदियों से भव्य रामलीला होती आ रही है लेकिन इस वर्ष इसका भव्य रूप दिया जाएगा और मां सरयू के तट के निकट राम पैड़ी भव्य रामलीला होगी जिसमें 200 फीट के रावण का दहन किया जाएगा और यह रामलीला सभी संतों महंतों के संरक्षण में होगी, सभी लोग इसके संरक्षक भी हैं।




समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष महंत वैदेही बल्लभ शरण अयोध्या में भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या की रामलीला को भव्य रूप से संपन्न करने का निर्णय लिया गया है। इस रामलीला महोत्सव में अवध के कलाकारों घ्द्वारा दिव्य रामलीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला का मंचन 26 सितंबर से प्रारंभ होगा। जिसमे श्री राम जन्म महोत्सव, श्री राम बारात की शोभा यात्रा, श्री राम स्वंवर महोत्सव, श्री राम वन गमन, केवट प्रसंग, शबरी कथा नवधा भक्ति, लंका दहन, रावण वध विजयोत्सव, श्री राम राज्याभिषेक आदि मुख्य प्रसंग होंगे। महासचिव हरीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संस्कार भारती लखनऊ के द्वारा उत्कृष्ट कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे और यह भव्य दिव्य रामलीला होगी। महंत राजीव लोचन शरण महाराज ने बताया कि विवाह के समय श्री राम पथ पर टेढ़ी बाजार से प्रभु श्री राम के विवाह के लिए भव्य बारात निकाली जाएगी, जिसमें दर्जनों रथ होंगे अयोध्या के सभी संत महंत प्रभु श्री राम के बाराती बनेंगे। इस अवसर पर महंत राजीव लोचन शरण,डा प्रभाकर मिश्रा, अंजनी कुमार ओझा, म० हरिमोहन शरण, किशोरी शरण, चंद्रकांत अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्री राम नगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है गणेश उत्सव



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। अयोध्या धाम में गणेश उत्सव बड़े ही दिव्यता और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। साधु–संत से लेकर भक्तजन अपनी आस्था, श्रद्धा, निष्ठा व भक्ति भगवान गणेश के प्रति आप्लावित रहे हैं। गणेश चतुर्थी की उत्पत्ति प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों में भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र भगवान गणेश के जन्म का वर्णन करती है। पारंपरिक रूप से भाद्रपद माह में मनाया जाने वाला यह त्योहार अज्ञानता, बुराई पर ज्ञान और अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उक्त उदगार नगर निगम अयोध्या के मणिरामदास छावनी वार्ड से पूर्व सांसद संजय पांडेय के हैं। उन्होंने बताया कि मुद्गल पुराण के अनुसार भगवान गणेश ने आठ अवतार लिए जिन्हें वक्रतुंड, एकदंत, महोदर, गजानन, लंबोदर, विकट, विघ्नराज व धूम्रवर्ण के नाम से जाना जाता है। इनमें वक्रतुंड अवतार को गणेश भगवान का पहला अवतार माना गया है। भगवान गणेश के 12 नामों सुमुख, एकदंत, कपिल, गजकर्णक, लंबोदर, विकट, विघ्न–नाश, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचंद्र एवं गजानन का उच्चारण गणेश चतुर्थी के दिन करने मात्र से धन तथा विद्या की प्राप्ति होगी। इस शुभ पर्व पर गणेश भगवान सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं। पूर्व पार्षद ने बताया कि प्रमोदवन मोहल्ले के बच्चों द्वारा गणेश चतुर्थी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में नायक मंदिर के सामने गली में गणेश भगवान की मूर्ति बैठाई गई है। जहां भगवान गणेश का सुबह और शाम दोनों पहर विधि–विधान पूर्वक पूजन–अर्चन, भोग, आरती किया जा रहा है। यह बच्चों द्वारा गणेश महोत्सव का मनाये जाने का दूसरा वर्ष है। महोत्सव के क्रम में शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा में हजारों श्रद्धालु–भक्तों ने छोला–चावल, पूड़ी–सब्जी आदि प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा सायंकाल से शुरु होकर देररात्रि तक चला। तब तक कई भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण कर लिया था। गणेश भगवान के महोत्सव का प्रसाद पाकर भक्तजन धन्य हुए। वह पुण्य के भागीदार बने एवं पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर नंदीग्राम चित्रकुटी मंदिर के महंत उत्तम दास महात्यागी, रवि पांडेय समेत अन्य गणमान्य जन एवं प्रमोदवन मोहल्ले के निवासीगण उपस्थित रहे।

# साइबर ठगी में दो गिरफ्तार

**संवाददाता–बलरामपुर।** पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चाइनीज लोन ऐप और ऑनलाइन गेमिंग के जरिए ठगी करते थे। वे ठगी की रकम को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेश भेजते थे। एसपी विकास कुमार के मुताबिक, साइबर क्राइम थाना प्रभारी आर.पी. यादव की टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में सिद्धार्थनगर का अबुल आस और सुल्तानपुर का विनीत मिश्रा शामिल हैं। दोनों को न्यायालय भेज दिया गया है। जांच में पता चला कि अबुल आस ने दिल्ली में कंप्यूटर सीखा था। बाद में उसने साइबर कैफे खोलकर फर्जी प्रमाण पत्र बनाने शुरू कर दिए। विनीत मिश्रा लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर था।

दोनों की मुलाकात पहले से गिरफ्तार राहुल मिश्रा से हुई थी। राहुल ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग फ्रॉड में शामिल था। अबुल आस के 88 बैंक खातों में से 33 खातों पर साइबर पोर्टल में 271 शिकायतें दर्ज हैं। इन खातों में करीब 22.95 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ। विनीत मिश्रा के 55 बैंक खातों में से 30 खातों में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का लेनदेन मिला। कुल मिलाकर 146 करोड़ रुपये का फर्जी लेनदेन सामने आया है।

पुलिस ने आरोपियों से एक एप्पल मोबाइल और दो एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं। इस मामले में अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी फर्जी बैंक खातों से ऑनलाइन सट्टे की रकम को एजेंटों तक पहुंचाते थे। इसके बदले वे 2–3 प्रतिशत कमीशन लेते थे।

# पुलिस–एसटीएफ की मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, 4 गिरफ्तार



**संवाददाता–बहराइच।** सुपारी लेकर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की हत्या करने के लिए बाराबंकी से बहराइच आए चार बदमाशों की एसटीएफ व पुलिस की संयुक्त टीम से मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। मौके से चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। गोली लगने से घायल हुए बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी कैसरगंज में भर्ती कराया गया है। जानकारी मिलते ही एसपी व एएसपी सिटी भी घटनास्थल पहुंचे। एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक लखनऊ धर्मेश कुमार शाही को सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश सुपारी लेकर बहराइच के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह की हत्या करने के लिए कैसरगंज इलाके में मौजूद है। एसटीएफ की टीम बदमाशों की सुरागरसी कर बहराइच पहुंची और स्थानीय कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। इलाके के कड़सर मोड़ के पास बदमाशों के मौजूदगी की सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी शुरू कर दी। इस दौरान बदमाशों ने टीम पर फायर झोंक दिया।

जवाबी कार्रवाई में बाराबंकी जिले के बदोसराय इलाके के बैराकिया सिरौली गौसपुर निवासी परशुराम मौर्य गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उपरोक्त पते के रहने वाले प्रदीप यादव, थाना टिकैटनगर के अकोहरा निवासी साकेत रावत,घुंघटेर थाना इलाके के हाजीपुर निवासी आलोक कुमार सिंह को एसटीएफ की टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों के पास से दो पिस्टल, एक रिवाल्वर व भारी मात्रा में कारतूस भी बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी राम नयन सिंह, एएसपी रामानंद कुशवाहा भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे। एएसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों में शामिल आलोक कुमार सिंह जिपं अध्यक्ष के बड़े भाई रहे तरूण कुमार सिंह दामाद भी है।

# पीस कमेटी की बैठक में शांतिपूर्वक पर्व मनाने की अपील

**संवाददाता–महराजगंज।** नौतनवा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम नवीन कुमार एवं सीओ अनिरुद्ध कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। जबकि उपद्रव करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

एसडीएम नवीन प्रसाद ने कहा कि आगामी बारह रबीउल अव्वल एवं गणेश चतुर्थी आदि पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, इसको लेकर हम सबको चौकन्ना रहना होगा। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह कि सोशल मीडिया पर या अन्य तरीके से होने वाले अफवाह पर बिल्कुल ध्यान ना दें। सीओ ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से प्रशासन निपटेगा।

उन्होंने कहा कि कानून का सहयोग करना सभी का दायित्व है। इस दौरान थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव, वरिष्ठ उप निरीक्षक संजय कुमार, चौकी प्रभारी छोटेलाल, मनीष तिवारी, जयहिंद भारती, चंदन खरवार, बिरजू कन्नौजिया, मो. उमर, गुलाम मोहम्मद, अतहर, समीउल्लाह आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपाइयों का फूटा गुस्सा, कांग्रेस का पुतला फूंककर प्रदर्शन



**संवाददाता–महराजगंज।** कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा कार्यक्रम के दौरान बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी दिवंगत माता के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी से भाजपाइयों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भाजपाइयों ने रविवार को नौतनवा कस्बे के गांधी चौक पर कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता जितेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। साथ ही उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जरूरत जताई। भाजपाइयों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी निचले स्तर पर राजनीति कर रही है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी प्रधानमंत्री की लोकप्रियता और देश में विकास नीतियों से घबराकर निचले स्तर की राजनीति पर आ गए हैं।

कांग्रेस पार्टी के मंच से प्रधानमंत्री और उनके स्वर्गीय माता को लेकर जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया गया, वह काफी शर्मनाक है। भाजपा नेता जितेंद्र जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दुनिया में वैश्विक लीडर बनकर उभर रहे हैं। इसकी वजह से कांग्रेस पार्टी घबराई हुई है। यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगी है। विरोध प्रदर्शन के दौरान ओमप्रकाश, सुधांशु वर्मा, दुर्गेश, सुनील, निखिल, सनोज, जुगल किशोर, संतोष, राधेश्याम, शत्रुघ्न, जगदीश, रामकिशन, हरिनारायन, प्रेम जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रेमिका के पिता का हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** पुलिस ने शनिवार प्रेम प्रसंग में पिता की हत्या और मां–बेटी को लहूलुहान करने वाले आरोपी मुकेश को मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। पुलिस को चेतिया नवडिहवा जंगल तिराहा के पास मुखबिर से आरोपी के होने की सूचना मिली थी।

चेकिंग के दौरान जैसे ही पुलिस ने घेराबंदी की, आरोपी ने टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने तुरंत उसे काबू में लेकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपी को पकड़ना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी। एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार प्रसाद के नेतृत्व में गठित पांच विशेष टीमों ने लगातार दबिश दी और आखिरकार सफलता पाई। पुलिस की इस उपलब्धि पर संयुक्त टीम को 55 हजार रुपए का इनाम दिया गया।

गौरतलब है कि 23 अगस्त की शाम मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम नागचौरी टोला केवटहियाडीह में आरोपी मुकेश ने अपनी प्रेमिका के पिता रामकला निषाद की चाकू से बेरहमी से हत्या कर दी थी। बीच–बचाव करने पर मां प्रभावती और बेटी किरण पर भी ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी किरण को जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर फरार हुआ, लेकिन रास्ते में विरोध करने पर उस पर भी चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर छोड़ गया।

ग्रामीणों के अनुसार, आरोपी मुकेश मृतक का चचेरा भतीजा है। करीब एक साल पहले वह किरण को दिल्ली ले गया था, लेकिन जुलाई में परिजनों ने पंचायत के जरिए दोनों का रिश्ता खत्म करा दिया और किरण को वापस ले आए। इसी बात से नाराज होकर मुकेश लगातार धमकियां दे रहा था और 10 अगस्त को उसने साफ कहा था कि अगर किरण की शादी कहीं और हुई तो पूरे परिवार को खत्म कर देगा। इसी रंजिश में उसने वारदात को अंजाम दिया था।

# खौफनाक वारदात, खेत में अर्धनग्न हालत में मिली युवती की लाश, प्रेमी पर हत्या का आरोप



**संवाददाता–अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक युवती का उसके गांव के बाहर खेत में अर्धनग्न हालत में शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। साथ ही मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। आशंका है कि युवती की गला घोटकर हत्या की गई है। वहीं मृतका के प्रेमी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ये घटना कैंट क्षेत्र के पलिया शाहाबादी गांव का है। बताया गया कि रविवार की सुबह पलिया शाहाबादी गांव निवासी सत्तू धान के खेत में सिंचाई के लिए गया तो उसने राम मूरत निषाद के धान के खेत के बगल एक युवती का अर्धनग्न हाल में पड़ा शव देखा। मृतका उसी के गांव की थी इसलिए वह उसको पहचान गया और मामले की जानकारी मृतका के परिवार और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। मृतका का सलवार उसके गले में कसा हुआ मिला है। जिसके कारण आशंका जताई जा रही है कि इसी सलवार से गला घोटकर उसकी हत्या की गई है। उधर, स्थानीय लोग दुष्कर्म किए जाने की भी आशंका जता रहे हैं। प्रकरण में शिकायत पर कैंट पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

# बीआरडी में मंडरा रहा डेंगू का खतरा

**संवाददाता–गोरखपुर।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज में रविवार को विशेष अभियान चलाकर कैम्पस की नालियों, पानी की टंकियों, खाली पड़े पात्रों और छोटे–छोटे अन्य जलस्रोतों की सफाई की गई। साथ ही एंटी लार्वल का छिड़काव किया गया। स्वास्थ्य विभाग, बीआरडी मेडिकल कॉलेज और नगर निगम ने संयुक्त पहल पर अभियान का संचालन हुआ। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू से बचाव के संबंध में जागरूक करने वाले छोटे पम्पलेट्स व पोस्टर्स भी लगाए। सीएमओ डॉ. राजेश झा ने कहा कि आगे अन्य हास्टल व सार्वजनिक कार्यालयों में अभियान चलाया जाएगा। बीआरडी के प्राचार्य डॉ. रामकुमार जायसवाल ने कहा कि साफ–सफाई और छिड़काव के साथ–साथ हास्टल में रहने वाले बच्चों को जागरूक करने पर भी विशेष जोर है।

# मारपीट कर लूट करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**संवाददाता–गोरखपुर।** पुलिस ने मारपीट कर मोबाइल फोन लूटने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान गोला के कोड़री निवासी सूरज कुमार व अंकित पाल के रूप में हुई। एसओ सुशील कुमार के मुताबिक, आरोपितों ने 30 अगस्त को एक दुकान पर जाकर मारपीट की थी और मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे। आरोपितों के पास से मोबाइल फोन बरामद कर कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया गया।

# शिक्षक, अभिभावकों की बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । एसएनबी मौलाना अबुल कलाम आजाद जूनियर हाई स्कूल किड़हवा रुधौली में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों की शिक्षा–दीक्षा संबंधी शिकायतों पर चर्चा हुई और बच्चों की लापरवाही पर अभिभावकों को जागरूक किया गया। बच्चों की अनुपस्थिति पर भी बात हुई और गैरहाजिर रहने वाले अभिभावकों को फटकार लगाई गई। प्रबंधक मोहम्मद असलम शादान बस्तवी ने अभिभावकों से बच्चों की कॉपी–किताबें जांचने का आग्रह किया, जबकि स्मार्ट क्लास शुरू करने का भी संकेत दिया गया।

अभिभावकों ने अपने बच्चों की शिक्षा से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं, जिन पर शिक्षकों ने उन्हें बच्चों की कमजोरियों और लापरवाही के बारे में बताया। जिन बच्चों की गैरहाजिरी ज्यादा थी, उनके अभिभावकों को फटकार लगाई गई और घर पर होमवर्क कराने व बच्चों को मोबाइल से दूर रखने पर जोर दिया गया।

प्रबंधक मोहम्मद असलम शादान बस्तवी ने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों की कॉपी–किताबें रोज चेक करें और कमी मिलने पर स्कूल प्रशासन को सूचित करें। कई अभिभावकों ने स्कूल की शिक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया और स्कूल ने अपने शुरुआती दौर से ही बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की जानकारी दी। बैठक में देवाकर कुमार भट्ट, मौलाना अब्दुल्ला मजाहरी, मोहम्मद इजराइल, मोमिना खातून, आमिना खातून और ममता पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# नेपाल बॉर्डर पर कार से 40 लाख रुपए बरामद

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने इंडो–नेपाल बॉर्डर पर एक बड़ी कार्रवाई में 40 लाख रुपए की नकदी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार को एसएसबी 50वीं वाहिनी बढ़नी बीओपी के असिस्टेंट कमांडेंट संजय केपी ने बताया कि बीओपी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग बॉर्डर पार करने वाले हैं।

एसएसबी ने बॉर्डर पिलर संख्या 567/1 के पास एक हुंडई आई–20 कार को रोका। कार की तलाशी में 500 रुपए के 8000 नोट बरामद हुए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गोरखपुर निवासी अतुल कुमार सैनी और मकसूद आलम के रूप में हुई है।

दोनों आरोपियों के पास से एक–एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। वे रकम से संबंधित कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। एसएसबी ने कार, मोबाइल और नकदी को जब्त कर राजस्व खुफिया निदेशालय गोरखपुर को सौंप दिया है।

यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब नेपाल के रास्ते बिहार में तीन पाकिस्तानी आतंकियों के प्रवेश की खबर के बाद सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट संजय केपी ने बताया कि सीमा पर जवान अलर्ट मोड में हैं और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पूरी तरह सतर्क हैं।

# पचपोखरी–गोरखपुर रूट पर नई बस सेवा शुरू



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा देने के लिए रविवार को पचपोखरी–गोरखपुर रूट पर नई बस सेवा शुरू की गई। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर इस सेवा का उद्घाटन किया। उन्होंने खुद बस की स्टेरिंग संभालकर यात्रियों को रवाना किया।

नई बस सेवा से यात्री पचपोखरी से खलीलाबाद तक का सफर मात्र 21 रुपए में तय कर सकेंगे। इस सेवा का सबसे अधिक फायदा छात्रों, व्यापारियों और रोजाना यात्रा करने वाले लोगों को मिलेगा। विधायक तिवारी ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गोरखपुर और खलीलाबाद जाने के लिए अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। इसी दिशा में परिवहन सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस सेवा की शुरुआत से क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है।

कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता देवेंद्र मिश्रा, छेदीलाल यादव, एआरएम बस्ती आयुष भटनागर समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने इस सुविधा के लिए विधायक का आभार जताया और कहा कि इससे उनकी आवाजाही आसान होगी।

# कमरे में पंखे से लटका मिला युवक का शव



**संवाददाता–गोरखपुर।** सहजनवा तहसील स्थित कटसहरा गांव में एक 19 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान विकास चौहान के रूप में हुई है। वह अपने बड़े भाई और भाभी के साथ रहता था। उसके माता–पिता हैदराबाद में रहते हैं। गोरखपुर में 19 साल के छात्र ने पंखे से लटककर जा दे दी। छात्र विकास चौहान अपने बड़े भाई और भाभी के साथ रहता था। उसके माता–पिता हैदराबाद में रहते हैं। भाई ने बताया कि शनिवार रात विकास खाना खाने के बाद अपने कमरे में जाकर सो गया। रविवार सुबह आठ बजे तक दरवाजा नहीं खुला, तो उसकी भाभी ने दरवाजा खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। जानकारी लगते ही आसपास के लोग भी आ गए। गांव के पूर्व प्रधान गुलाम नबी ने हरपुर–बुदहट थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र को सूचना दी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की। दरवाजा तोड़कर विकास के शव को पंखे से उतारा गया। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि आत्महत्या का मामला लग रहा है। युवक अविवाहित था और घर पर रहकर पढ़ाई कर रहा था। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# दामाद पर लगाया चाकू से हमला करने का आरोप

**संवाददाता–गोरखपुर।** नगर पंचायत चौरीचौरा के बाल खुर्द (पहाड़पुर) निवासी मंजू देवी ने अपने दामाद पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपी युवक पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मंजू देवी ने पुलिस को बताया कि इसी थानाक्षेत्र के भगवानपुर के तुलसीपुर निवासी व दामाद किशन सिंह उर्फ विट्टू सिंह 27 अगस्त की रात में उनके घर आया था। उनकी बेटी नंदिनी को गाली देते हुए दरवाजा खोलवा रहा था। बेटी ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद उनके देवर चन्द्रभान प्रजापति के घर के रास्ते का आने का प्रयास कर रहा था। विरोध करने पर उसने देवर पर चाकू से हमला कर दिया। चौरीचौरा पुलिस महिला के दामाद किशन सिंह उर्फ विट्टू सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# 30 दिन में 15 घरों से 88 लाख की चोरी



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** जिले में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ढेबरूवा थाना क्षेत्र के दुधनिया बुजुर्ग और सेवर गांव में 30 अगस्त की रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। सेवर निवासी जगदीश उर्फ खाऊं के घर से सोने की माला, पायल, नथुनी और 9,500 रुपए नकद चोरी हो गए। वहीं दुधनिया बुजुर्ग के मजहर आलम के घर से चोरों ने 5 तोला सोना और 1.25 लाख रुपए नगद उड़ा लिए।

जगदीश की पत्नी ने बताया कि उनके पति घर पर नहीं थे और वह बच्चों के साथ छत पर सो रही थीं। चोरों ने बेटी की शादी के लिए जोड़े गए जेवर और नकद पर हाथ साफ कर दिया। इसी तरह मजहर आलम के घर में भी बक्से और अलमारी तोड़कर लगभग 6 लाख की संपत्ति चोरी हुई। उन्होंने बताया कि 10 दिन पहले ही परिवार में भतीजे का निधन हुआ था, जिसके चलते सभी सदस्य अलग–अलग जगह सोए थे।

ढेबरूवा थाना क्षेत्र में यह पहली वारदात नहीं है। इससे पहले सेवर गांव के तीन घरों से करीब 37 लाख रुपए के जेवर और नकदी चोरी हो चुके हैं। इनमें सिद्धशंकर पाठक, जितेंद्र पाठक और दुर्गा प्रसाद पाठक के घर शामिल हैं।

लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में गुस्सा और भय है। पुलिस अभी तक एक भी बड़ी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है। एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार ने माना कि जिले में संगठित गिरोह सक्रिय है। उन्होंने दावा किया कि पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और सर्विलांस व स्वाट टीम जांच में लगी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही गिरोह पुलिस की गिरफ्त में होगा।

इन घटनाओं से जिले में कानून–व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोग घरों में अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करने लगे हैं। बावजूद इसके चोरों की गतिविधियां कम नहीं हो रही हैं। आम जनता का कहना है कि अगर पुलिस ने सख्ती से कार्रवाई नहीं की तो अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे।

# नदी में मिला युवक का शव



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ में मुंबई जाने की बात कहकर घर से निकले 18 वर्षीय युवक का शव बानगंगा नदी में मिला है। रामसजीवन कन्नौजिया नाम का यह युवक पिछले चार दिनों से लापता था। रामसजीवन ग्राम गनेशपुर का रहने वाला था। वह अपने दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। चार दिन पहले उसने परिवार को बताया था कि वह रोजी–रोटी के लिए मुंबई जा रहा है। एक दिन बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला, तो पिता जग्गू ने मुंबई में रहने वाले रिश्तेदारों से संपर्क किया। किसी ने भी उसे नहीं देखा था। रविवार को ग्राम बरैनिया के पास बानगंगा नदी में एक शव तैरता दिखा। स्थानीय लोगों ने शोहरतगढ़ थाने को सूचना दी। थाना प्रभारी बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव की पहचान रामसजीवन के रूप में हुई। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। पिता जग्गू, माता रीता और दादा फेरई कन्नौजिया बेसुध होकर रोने लगे। पूरे गांव में शोक छा गया। क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ प्रवीण प्रकाश के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में मौत डूबने से होने का अनुमान है। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर स्थान द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा

न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर

प्रकीर्ण उत्तराधिकार वाद संख्या 120/2025

1. प्रमोद कुमार ठाकुराई उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र स्व0 दीनानाथ ठाकुराई निवासी ग्राम कुआंहाटा तप्पा निकसौली परगना व तहसील नौगढ़ जिला–सिद्धार्थनगर

–प्रार्थी/आवेदक

बनाम

ईस्टेट

**तारीख पेशी 26–09–2025**

**प्रा0 पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

अपने मृत को देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये सन 1886 ई0 के अधिनियम 7 के अधीन उत्तराधिकार का आवेदन के लिये।

चूंकि ने प्रमाण पत्र को अभिप्राप्ति के लिये आवेदन दिया है और सन 2025 के 09 के 26 दिवस आवेदन को सुनवाई के लिये नियत हुआ है। अतः यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उक्त आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति हो वह स्वयं या अभिवक्ता द्वारा ..10 बजे पूर्वान्ह न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर में नियत दिनांक पर उप संजात होकर अपनी आपत्ति पेश करें। उक्त दिनांक के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति न सुनी जायेगी और आवेदन के सम्बन्ध में यथोचित आदेश पारित होगा।

20 के के दिवस को दिनांकित।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर स्थान द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा

न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर

प्रकीर्ण उत्तराधिकार वाद संख्या 125/2025

1. इसरावती उम्र लगभग 77 साल पत्नी स्व0 हरीशचन्द्र अग्रहरी 2. अशोक कुमार उम्र लगभग 59 वर्ष 3. अनिल कुमार अग्रहरी उम्र लगभग 48 वर्ष 4. सुनील कुमार उम्र लगभग 43 वर्ष 5. अमित कुमार अग्रहरी उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्रगण स्व0 हरीशचन्द्र अग्रहरी निवासीगण ग्राम परसा महापात्र तप्पा थरौली परगना व तहसील नौगढ़ जिला–सिद्धार्थनगर

–प्रार्थी/आवेदक

बनाम

ईस्टेट

**तारीख पेशी 26–09–2025**

**प्रा0 पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

अपने मृत को देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये सन 1886 ई0 के अधिनियम 7 के अधीन उत्तराधिकार का आवेदन के लिये।

चूंकि ने प्रमाण पत्र को अभिप्राप्ति के लिये आवेदन दिया है और सन 2025 के 09 के 26 दिवस आवेदन को सुनवाई के लिये नियत हुआ है। अतः यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उक्त आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति हो वह स्वयं या अभिवक्ता द्वारा ..10 बजे पूर्वान्ह न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर में नियत दिनांक पर उप संजात होकर अपनी आपत्ति पेश करें। उक्त दिनांक के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति न सुनी जायेगी और आवेदन के सम्बन्ध में यथोचित आदेश पारित होगा।

20 के के दिवस को दिनांकित।

द0 हाकिम

# गोला में इलेक्ट्रिक की दुकान में चोरी

**संवाददाता–गोरखपुर।** क्षेत्र के जानीपुर बाजार में मौर्या इलेक्ट्रॉनिक एंड इलेक्ट्रिक की दुकान में शनिवार की देर रात चोरों ने नकदी समेत हजारों रुपये के कीमत का माल पार कर दिया। दुकान मालिक रामसकल मौर्य ने बताया कि रोज की तरह शनिवार शाम को दुकान बंद कर वे घर चले गए थे। रविवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि अंदर रखा सामान गायब था। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि कुछ समय से गोला थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और पुलिस अभी तक चोरों पर अंकुश लगाने में नाकाम दिखाई दे रही है। व्यापारी वर्ग ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और ठोस कार्रवाई की मांग की है। जिस दुकान में चोरी हुई, वह चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर है।।

# नवरत्न सम्मान समारोह:9 समाजसेवियों–खिलाड़ियों को किया सम्मानित




**संवाददाता–गोरखपुर।** धर्मशाला गुरुद्वारा हाल में रविवार को समाज कल्याण की ओर से जिला स्तरीय विभिन्न खेल प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण एवं 9 नवरत्न सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए खिलाड़ियों और समाजसेवियों को मंच पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कराटे की कोच प्रियंका और तायक्वोंडो के कोच पंकज पांडेय को भी विशेष सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी अमृतानशी राजपूत को भी मंच से सम्मानित किया गया। बीते 15 दिनों से जिले में कराटे–तायक्वोंडो प्रतियोगिताओं का आयोजन चल रहा था। फाइनल राउंड में पहुंचे खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। विजेताओं को मंच पर ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए गए।

कार्यक्रम में समाज सेवा में योगदान देने वाले कई लोगों को विशेष सेवा सम्मान से नवाजा गया। इनमें स्वेच्छा श्रीवास्तव, जीतेंद्र प्रजापति, अजय पटेल, अमर सिंह, विनायक अग्रहरि, अमित कुमार, शिवाबुज पटेल और प्रवीण कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि वसिष्ठ नारायण सिंह (जिला समाज कल्याण अधिकारी, गोरखपुर) ने कहा कि समाज सेवा का महत्व अपार है, न केवल जरूरतमंदों की मदद करती है बल्कि सामाजिक सद्भाव, चरित्र निर्माण और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करती है।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि विभ्राट चंद कौशिक (उपाध्यक्ष, राज्य युवा परिषद) ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है, तनाव कम होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

# केंद्र सरकार ही कर सकती है संविधान में संशोधन –राम अचल राजभर




**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में राजभर समाज मुक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। बसखरी मार्ग स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं अकबरपुर के विधायक राम अचल राजभर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राम अचल राजभर ने कहा कुछ लोग राजभर समाज को अनुसूचित जाति में शामिल कराने के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। सुभासपा अध्यक्ष का नाम लिए बिना उन्होंने कहा दस दिन में राजभर जाति को एससी में शामिल करवाने का दावा करने वालों ने ढाई साल में कुछ नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह काम प्रदेश सरकार नहीं कर सकती। राजभर जाति को अनुसूचित जाति का आरक्षण केवल केंद्र सरकार द्वारा संविधान में संशोधन करने पर ही मिल सकता है।

पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री ने राजभर समाज के नेताओं के अपमान का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा महाराजा सुहेल देव के नाम से ट्रेन चलाई गई, लेकिन उनके नाम के साथ श्राजभरश नहीं जोड़ा गया। आजमगढ़ में बनी यूनिवर्सिटी में भी यही स्थिति है। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में जूनियर हाईस्कूल के सिलेबस में महाराजा सुहेल देव राजभर का जीवन परिचय शामिल करवाया था, लेकिन सरकार बदलने पर उसे हटा दिया गया।

कार्यक्रम में दर्शन भारती, सभई राम राजभर, धर्मेंद्र यादव, देवेंद्र, मंशाराम अमरेंद्र यादव, सुभाष यादव, बादशाह खान, संजय कुमार यादव, अभिषेक गौड़, प्रमोद यादव, शारदा राजभर, पूर्व प्रमुख बाबूराम राजभर, जगन्नाथ यादव और राम सिंगर राजभर सहित कई नेता मौजूद रहे।

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**संस्थापक सम्पादक स्व. दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो0 9336715406, 8400925463
ई.मेल **bhartiyabasti@gmail.com**
**dainikbhartiyabasti@gmail.com**